RAF SECTOR
NEWS CLIP
20/05/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Jagat Kranti, Jaipur, (Raj)

रेपिड 83 बटालियन के कमांडेंटके नेतृत्व में 7 दिन का सवाई माधोपुर का भ्रमण

■ जगत क्रान्ति

जयपुर। भारत सरकार केन्द्रीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार लालवास, जयपुर (राजस्थान) में तैनात रेपिड एक्शन फोर्स की 83 बटालियन के कमाण्डेट श्री प्रवीण कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं श्री श्रवण लाल मीणा (सहा0कमा0) के नेतृत्व में सी / 83 बटालियन की I सवाई माधोपुर (राज0) के पुलिस थानों का भ्रमण / परिचित अभ्यास करने के लिए आई है। इसके तहत दिनांक 19/05/2022 को पुलिस थाना कोतवाली सवाई माधोपुर के थाना प्रभारी श्री चन्द्रमान सिंह के साथ मिलकर पुलिस थाना कोतवाली ६६ सवाई माधोपुर के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में परिचित अभ्यास किया साथ ही साथ स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर मुख्य बाजारों एवं साम्प्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लेग मार्च किया ताकि भविष्य में जरूरत पड़ने पर उस स्थान / इलाके में तुरन्त पहुँचकर शीघ्र कार्यवाही की जा सके। रैपिड एक्शन फोर्स के इस परिचय अभ्यास के आयोजन की जानकारी देते हुए। श्री श्रवण लाल मीणा,

सहा0 कमाण्डेंट 83 बटालियन ने बताया कि परिचय अभ्यास के दौरान इलाके की जनसंख्या सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील जगहों तथा विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा तथा बलवाइयों की सूची तैयार की जायेगी ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई साम्प्रदायिक तनाव एवं दंगा कि स्थिति घटित होने या प्राकृतिक आपदा होने पर अधिक कारगर ढंग से उस पर नियंत्रण एवं कार्यवाही की जा सके । बल के सदस्यों द्वारा राजनितिक दलों, समाज सेवी संगठनों की भी जानकारी प्राप्त की जाएगी। सी / 83 बटा0 द्रुत कार्य बल द्वारा सभी क्षेत्रों का सांकेतिक चित्र भी बनाया जाएगा। इस मानचित्र का उद्देश्य अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर नियंत्रण के लिए नियुक्त स्थल पर तत्काल पहुँचने में सुविधा होती है । द्रुत कार्य बल द्वारा किया जाने वाला यह एक अभ्यास है, जो कि नियमित अन्तराल के बाद किया जाता है। इस अभ्यास के दौरान हम विभिन्न क्षेत्रों में जाकर वहाँ प्राकृतिक आपदा, सामाजिक परिवेश, समाज में अशान्ति उत्पन्न करने वाले विभिन्न कारणो का गहन अध्ययन कर डाटा एकत्रित करते हैं जिससे विषम परिस्थितियों में द्रुत कार्य बल शान्ति व्यवस्था बनाने में त्वरित मदद कर सके। परिचय अभ्यास में निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद बोरान, निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव, निरीक्षक मुकुट बिहारी जोरवाल के अतिरिक्त बल के अन्य अधिनस्थ अधिकारीगण, एवं बल के अन्य रैंक कार्मिकों ने भाग लिया।

रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के जवानों ने खोले के हनुमान मंदिर में किया योगाभ्यास

कलम ए राजस्थान

जयपुर। भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत योगा अभियान के तहत योग के प्रति आम जनता में जागरूकता लाने के लिए वाहिनी द्वारा विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों पर चलाये जा रहे योग अभियान के अन्तर्गत 83 वाहिनी द्वारा खोले के हनुमान मन्दिर में प्रवीण कुमार सिंह कमाण्डेण्ट के नेतृत्व में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान रामजस यादव सहायक कमांडेंट ने कार्यक्रम में उपस्थित बृजमोहन शर्मा महामंत्री नरवर आश्रम सेवा समिति लक्ष्मण रावत कोषाध्यक्ष मन्दिर के अन्य सदस्य जवानों एवं आमजन को योग का मनुष्य के जीवन में महत्त्व को बताया और साथ ही योग से होने वाले लाभों से अवगत करवाया एवं आगामी 21 जून को आने वाले 8वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के तत्वाधान में चलाये जा रहे योग कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में निरीक्षक महेश पुरी एवं वाहिमनी के योग प्रशिक्षण प्राप्त कार्मिक सिपाही गिरीधारी कालो ने खोले के हनुमान मन्दिर में उपस्थित सभी कार्मिकों को योगाभ्यास करवाया।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

83BN FAM-EX DUTY U/PS KOTWALI, SAWAI MADHOPUR, (RAJASTHAN)

सी०आर०पी०एफ० सदा अजेय, भारत माता की जय।